नवदुनिया
भोपाल, बुधवार 15 अक्टूबर, 2025

# मध्यप्रदेश की रंजना ने स्वर्ण और प्रशांत कुमार ने जीता रजत पदक

नवदुनिया प्रतिनिधि भोपाल: भुवनेश्वर में आयोजित हो रही 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मप्र के एथलीटों का शानदार प्रदर्शन जारी है। बालिका वर्ग में रंजना यादव ने 3000 मी. पैदल चार में स्वर्ण पदक जीता, वहीं प्रशांत कुमार ने 5000मी.पैदल चाल में रजत पदक जीता। मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी की एथलीट रंजना यादव ने अंडर 18 बालिका वर्ग की 3000 मीटर पैदल चाल इवेंट में स्वर्ण पदक पदक जीता। रंजना ने 13:41.55 सेकंड के साथ यह सफलता प्राप्त की। इसी की के साथ रंजना यादव का चयन 22 से 31 अक्टूबर को बहरीन में आयोजित होने वाले एशियन यूथ गेम्स के लिए चयन



प्रशांत कुमार।




रंजना यादव।

किया गया है। अंडर 18 बालक वर्ग की 5000 मी. पैदल चाल में प्रशांत कुमार ने रजत पदक जीता। प्रशांत ने 20:21.73 सेकंड में यह इवेंट पूरा किया। खेलमंत्री विश्वास कैलाश सारंग, खेल संचालक डा.राकेश कुमार गुप्ता व संयुक्त संचालक बीएस यादव ने बधाई दी है।

स्वदेश ज्योति

# मप्र के प्रशांत ने 5000 मीटर रेस वॉक में जीता रजत पदक

खेल संवाददाता, भोपाल

भुवनेश्वर में 10 से 14 अक्टूबर तक आयोजित 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के चौथे दिन, मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी के एथलीट प्रशांत कुमार ने बॉयज़ अंडर-18 वर्ग की 5000 मीटर रेस वॉक में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। उन्होंने यह उपलब्धि 20:21.73 सेकंड के समय के साथ हासिल की। इस प्रदर्शन ने उनके कठिन अभ्यास और दृढ़ संकल्प को उजागर किया। प्रशांत की मेहनत और लगन ने उन्हें प्रतियोगिता में एक ऊंचा मुकाम दिलाया। मध्यप्रदेश सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रशांत कुमार को इस सफलता के लिए बधाई दी। मंत्री ने कहा कि प्रशांत ने अनुशासन, कठिन परिश्रम और लगन से यह साबित किया है कि हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। उनका प्रदर्शन प्रदेश के युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मंत्री ने युवा खिलाड़ियों को अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने और कठिन अभ्यास करने की प्रेरणा भी दी।




प्रशांत कुमार की इस उपलब्धि में मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी, भोपाल के उच्चस्तरीय प्रशिक्षण, अनुभवी कोचों का मार्गदर्शन और आधुनिक खेल सुविधाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

दैनिक जागरण

# नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रंजना को स्वर्ण और प्रशांत की चांदी

## एशियन यूथ गेम्स के लिए रंजना का चयन

भोपाल, खेप्र। मध्यप्रदेश राज्य एथलेटिक्स अकादमी की खिलाड़ी रंजना यादव और प्रशांत कुमार ने 40वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक अर्जित किया।

भुवनेश्वर में खेली जा रही प्रतियोगिता के अंतिम दिन रंजना ने गर्ल्स अंडर-18 वर्ग की 3000 मीटर रेस वॉक में 13:41.55 सेकंड का समय लेकर सोने का तमगा हासिल किया। इस उत्कृष्ट उपलब्धि के साथ रंजना का चयन एशियन यूथ गेम्स के लिए किया गया है। यूथ गेम्स 22 से 31 अक्टूबर को बहरीन में खेले जाएंगे। वहीं प्रशांत ने बॉयज अंडर-18 वर्ग की 5000 मीटर रेस वॉक में दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने 20:21.73 सेकंड का समय लेकर यह पदक जीता।



रंजन यादव


प्रशांत कुमार